एंटिटी लॉकर

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (MeitY) के तहत राष्ट्रीय **ई-गवर्नेंस प्रभाग** ने **एंटिटी लॉकर** विकसित किया है। यह प्लेटफॉर्म भारत के **डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना** का एक महत्त्वपूर्ण घटक है, जिसे प्रबंधन में सुधार करने और व्यवसाय/संगठन के दस्तावेजों के सत्यापन के लिये डिज़ाइन किया गया है।

- **एंटिटी लॉकर: यह एक सुरक्षित, क्लाउड-आधारित समाधान है। यह बड़े संगठनों, निगमों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, ट्रस्टों, स्टार्टअप सहित कई प्रकार की संस्थाओं के लिये दस्तावेजों के भंडारण, साझाकरण और सत्यापन को सरल बनाता है।**
    - कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, **वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (GSTN), विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT)** और अन्य विनियामक संस्थानों जैसी प्रणालियों के साथ एंटिटी लॉकर का सहज एकीकरण व्यवसायों को महत्वपूर्ण दस्तावेजों तक तत्काल पहुँच प्रदान करता है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:** सुरक्षित दस्तावेज प्रबंधन के लिये 10 जीबी एन्क्रिप्टेड क्लाउड स्टोरेज, डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणीकरण और आधार-प्रमाणित भूमिका-आधारित पहुँच की सुविधा प्रदान करता है।
- **लाभ: प्रशासनिक ओवरहेड को कम करने के लिये भंडारण और सुरक्षा को समेकित करता है, दस्तावेज की प्रक्रिया में लगने वाले समय और परिचालन संबंधी बाधाओं को कम करता है**
    - एंटिटी लॉकर भारत के **डिजिटल रूप से सशक्त अर्थव्यवस्था के लक्ष्य का समर्थन करता है तथा बेहतर डिजिटल शासन और व्यापार सुगमता** लिये केंद्रीय बजट 2024-25 के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करता है।

//



और पढ़ें: [डिजिलॉकर की उमंग के साथ साझेदारी](#)